

मुझे नहीं पता कि ये मेरी सर्वश्रेष्ठ पारी है या नहीं, क्योंकि जब आप 413 रन का पीछा करते हैं तो आपके पास खेलने के लिए कोई और गियर नहीं होता। छक्के लगाने के मामले में शायद हां, लेकिन मैं इसे सर्वश्रेष्ठ नहीं मानूंगी। **- स्मृति मंधाना**

भारतीय महिला क्रिकेटर, विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ने के बाद बोलते हुए।




**आज का खिलाड़ी** शाहिद आफरीदी



**हालांकि,** वह कोहली का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ने के बाद भी खुश नहीं थीं। क्योंकि उन्होंने इसे अपनी सर्वश्रेष्ठ पारी नहीं करार दिया। स्मृति मंधाना ने कहा कि, मुझे नहीं पता कि ये मेरी सर्वश्रेष्ठ पारी है या नहीं, क्योंकि जब आप 413 रन का पीछा करते हैं तो आपके पास खेलने के लिए कोई और गियर नहीं होता। छक्के लगाने के मामले में शायद हां, लेकिन मैं इसे सर्वश्रेष्ठ नहीं मानूंगी। जब भी आप शतक बनाते हैं और टीम जीतती है मेरा मतलब है कि वह एक यादगार पारी बन जाती है।

**क्या आप जानते हैं ?...** दक्षिण अफ्रीका ने जिम्बाब्वे को टैस्ट मैच के दूसरे दिन ही एक पारी और 21 रन से हराकर दो दिन में जीत हासिल करने वाली तीसरी टीम का दर्जा मिला। इससे पहले इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया यह सम्मान पा चुकी है।

# भारत बनाम पाकिस्तान अब प्रतिद्वंद्विता नहीं रही : यादव

दुबई, 22 सितंबर। भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने इस धारणा को खारिज कर दिया है कि भारत बनाम पाकिस्तान मुकबला अब प्रतिद्वंद्विता है। सूर्यकुमार यादव ने रविवार रात पाकिस्तान को छह विकेट से हराने के बाद पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा, ''मैं इस सवाल पर एक बात कहना चाहूंगा। मुझे लगता है कि आपको प्रतिद्वंद्विता पर यह सवाल पूछना बंद कर देना चाहिए। इससे पहले उन्हें याद दिलाया गया कि सवाल प्रतिद्वंद्विता के बारे में बिल्कुल नहीं था। स्तर और प्रतिद्वंद्विता एक जैसी ही है। मेरे हिसाब से, अगर दो टीमें 15-20 मैच खेलती हैं और अगर आमने-सामने मुकाबला 7-7 या 8-7 का होता है, तो उसे प्रतिद्वंद्विता कहते हैं। लेकिन 13-0, 10-1... मुझे नहीं पता कि आंकड़े क्या हैं। लेकिन अब यह प्रतिद्वंद्विता नहीं रही। लेकिन हां, मुझे लगता है कि हमने उनसे बेहतर क्रिकेट खेला।''

रिकॉर्ड के लिए, भारत ने दुबई में 2022 में एशिया कप में पाकिस्तान से मिली पिछली हार के बाद से अब तक लगातार सात मैचों में सिर्फ़ पुरुष अंतरराष्ट्रीय मैचों में पाकिस्तान को हराया है। इस प्रतिद्वंद्वी के बारे में उनकी राय पूछे जाने से पहले, सूर्यकुमार ने बताया कि उन्हें खेल का निर्णायक दौर पाकिस्तान की पारी का आधा समय लगा जब पाकिस्तान ने दस ओवर में एक विकेट पर 91 रन बनाए थे, जो भारत के खिलाफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय



मैचों में अब तक का उनका सर्वोच्च हाफटाइम स्कोर था। यही वह समय था जब सूर्यकुमार ने अपनी टीम को संभाला और अंपायरों ने ड्रिंक्स इंटरवल की घोषणा कर दी। इसके बाद, भारत ने अगले सात ओवरों में केवल 38 रन देकर पाकिस्तान पर लगाम कसी। इस टूर्नामेंट में 10-17 ओवरों के बीच बल्लेबाज़ी करने वाली टीमों का यह सबसे कम स्कोर है।

सूर्यकुमार ने कहा, ''मेरे हिसाब से, पहली पारी के पहले ड्रिंक्स में टर्निंग पॉइंट आया। उसके बाद लोगों ने अपनी बॉडी लैंग्वेज बदल दी। आप हमेशा पावरप्ले के बाद खेल में बदलाव देखते हैं। लेकिन आज, दस ओवर के बाद खेल बदल गया, जब गेंदबाजो ने अपनी लाइन और लेंथ बदली, उस स्थिति में क्या ज़रूरी था, यह समझा और थोड़ी ज्यादा ऊर्जा दिखाई। स्पिनरों ने अच्छी गेंदबाजी की। और मेरे हिसाब से, शिवम दुबे का स्पैल, आप कह सकते हैं कि यह एक टर्निंग पॉइंट था।''

सूर्यकुमार ने शिवम दुबे के बारे में कहा, ''मुझे लगता है कि वह सभी अभ्यास सत्रों में अपनी गेंदबाजी पर बहुत मेहनत कर रहा है। और यह एक बेहतरीन मैच था जहां उसे अवसर मिला। वह हमेशा कम से कम दो ओवर गेंदबाजी करना चाहता था। और आज उसे अपने कोटे के ओवर गेंदबाजी करने का अवसर मिला, इसलिए वह बहुत खुश था। और जिस तरह से उसने अच्छा प्रदर्शन किया, मुझे लगता है कि उसकी योजनाएं बहुत स्पष्ट थीं। मैं केवल नेट्स पर ही बल्लेबाजी कर रहा होता हूं जब वह बहुत गेंदबाजी करता है। वह सभी सही बल्लेबाजो को गेंदबाजी करता है। कभी-कभी नई गेंद से भी गेंदबाजी करता है। इसलिए उसकी तैयारी हमेशा बेहतरीन होती है। और जब भी उसे आज जैसा अवसर मिलेगा, मुझे लगता है कि वह हमेशा टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करने के लिए तैयार रहेगा।''



## अभिषेक शर्मा के नाम बड़ा कीर्तिमान, टी-20 में तोड़ा क्रिस गेल का रिकॉर्ड

नई दिल्ली, 22 सितंबर। एशिया कप 2025 सुपर-4 मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय ओपनर बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने कमाल की पारी खेली। भारत को जीत के लिए इस मैच में 172 रन का टारगेट मिला था और अभिषेक ने अपनी तूफानी बल्लेबाजी के बलबूते इस लक्ष्य को बेहद आसान बना दिया।वहीं अभिषेक ने इस मैच में 39 गेंदों पर 5 छक्के और 6 चौकों की मदद से 76 रन की पारी खेली और इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 189.74 का रहा। अपनी पारी में लगाए 5 छक्कों की मदद से अभिषेक ने क्रिस गेल को पछाड़ दिया और नया वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। अभिषेक ने पाकिस्तान के खिलाफ अपनी पारी के दौरान 5 छक्के लगाए और टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में उन्होंने अपने 50 छक्के भी पूरे कर लिए। अभिषेक ने ये 50 छक्के सिर्फ 20 पारियों में लगाए और टी20 में सबसे कम पारियों में 50 छक्के लगाने वाले पहले बल्लेबाज बने साथ ही इविन लुईस की बराबरी पर भी आ गए। लुईस ने ये कमाल 20 पारियों में किया था। अभिषेक क्रिस गेल से आगे निकल गए जिन्होंने 25 पारियों में टी20 में 50 छक्के लगाए थे।

## बास्केटबॉल अंडर-17 में दो श्रेणियों में जेपीआईएस ने जीता खिताब

जयपुर, 22 सितंबर। जयपुर में आयोजित पांच दिवसीय आईएसएसओ नेशनल गेम्स 2025-26 का भव्य समापन हुआ। इस प्रतिष्ठित खेल महोत्सव में देश-विदेश के 50 से अधिक अग्रणी विद्यालयों




के 1000 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन किया। जयपुर स्थित जयश्री पेरीवाल इंटरनेशनल स्कूल (जेपीआईएस) ने इन खेलों की मेजबानी की। समापन दिवस पर बास्केटबॉल अंडर-17 के फाइनल मुकाबले खेले गए, जिनमें जेपीआईएस ने शानदार जीत दर्ज करते हुए दोनों श्रेणियों-बालक एवं बालिका-में चैम्पियन बना। बालिका वर्ग (अंडर-17) के फाइनल में जेपीआईएस की बालिका टीम ने गुरुग्राम के दी श्री राम स्कूल को 38-17 के अंतर से पराजित किया। वहीं, बालक वर्ग (अंडर-17) के फाइनल मुकाबले में जेपीआईएस की टीम ने मुंबई के ओबेरॉय इंटरनेशनल स्कूल को 57-18 से हराकर खिताब जीता। इन निर्णायक जीतों ने जेपीआईएस के खिलाड़ियों की प्रतिभा, समर्पण और टीमवर्क को उजागर किया। विद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी और बताया कि यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गौरव का क्षण है। विद्यालय की चेयरपर्सन, डॉ. जयश्री पेरीवाल ने विजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा, यह जीत हमारी मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण की मिसाल है। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थी न केवल अकादमिक क्षेत्र में बल्कि खेल के क्षेत्र में भी नई ऊँचाइयाँ छू रहे हैं। इस अवसर पर समापन समारोह में विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफियां प्रदान की गईं और सभी प्रतिभागी विद्यालयों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। आईएसएसओ नेशनल गेम्स 2025-26 ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि खेल युवा पीढ़ी को एकजुट करने और उन्हें जीवन मूल्यों से जोड़ने का सर्वश्रेष्ठ माध्यम हैं।

## जयपुर में होगा ग्रीन फिट मैराथन सीजन-2

जयपुर, 22 सितम्बर। पिंक सिटी जयपुर एक बार फिर दौड़ते कदमों की गूंज से सराबोर होने जा रहा है। 28 सितम्बर 2025 को रन फॉर ग्रीनर अर्थ के संदेश के साथ ग्रीन फिट मैराथन का दूसरा सीज़न



इस बार भी विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होगा। इस मैराथन का उद्देश्य लोगों को हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना भी है।राजस्थान की डिप्टी चीफ मिनिस्टर, दिया कुमारी मैराथन को फ्लैग ऑफ विद्याधर नगर स्थित सन एंड मून कॉम्प्लेक्स की पार्किंग से सुबह 5:30 बजे करेंगी। मैराथन का मुख्य आकर्षण बॉलीवुड सिंगर रविंद्र उपाध्याय की लाइव परफॉर्मेंस होगी, जो धावकों को जोश और उमंग से भर देगी। ग्रीन फिट मैराथन में तीन श्रेणियां रखी गई हैं, जिनमें 3 किलोमीटर फन रन, 5 किलोमीटर टाइम्ड रन और 10 किलोमीटर टाइम्ड रन शामिल हैं। प्रतिस्पर्धी धावकों के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार भी रखे गए हैं। 5 किलोमीटर और 10 किलोमीटर श्रेणी में पुरुष और महिला वर्ग के लिए 50 हज़ार रुपए तक के नकद पुरस्कार रखे गए हैं।

## हिंदायान जॉय राइड, जयपुर के लिए पंजीकरण शुरू

जयपुर, 22 सितम्बर। देशभर के साइक्लिंग प्रेमी अब हिंदायान जॉय राइड, जयपुर में हिस्सा लेने के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम रविवार, 7 दिसम्बर 2025



को आयोजित होने जा रहा है। यह आयोजन विजय दिवस की याद में किया जा रहा है, जो 1971 के युद्ध में भारत की सैन्य विजय और बांग्लादेश के निर्माण का प्रतीक है। 20 किलोमीटर की यह साइकिल राइड अमर जवान ज्योति (जयपुर यूथ हॉस्टल के पास) से शहीदों को श्रद्धांजलि देकर शुरू होगी, जवाहर सर्कल तक जाएगी और फिर वापस अमर जवान ज्योति पर लौटेगी। यह आयोजन संडे ऑन साइकिल का हिस्सा है और इसमें भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय का सहयोग है। मंत्रालय के सचिव ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र के मुख्य सचिवों से अनुरोध किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में हिंदायान साइकिल अभियानों के लिए लॉजिस्टिक और पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित करें। अब तक हिंदायान साइकिल कार्यक्रमों में केवल सेना और अर्धसैनिक बलों के सदस्य भाग लेते थे। ''पिछले साल जयपुर में हिंदायान ऑय राइड में भारतीय थलसेना और वायुसेना की टीमें शामिल हुई थी। इस साल पहली बार यह आयोजन स्कूल कॉलेज के बच्चों, युवाओं एवं आम नागरिकों के लिए भी खोला जा रहा है, ताकि यह स्मृति और राष्ट्रीय गर्व का व्यापक उत्सव बन सके। विश्व का स्थलमार्ग से चक्कर लगाने वाले पहले भारतीय कार्यक्रम आयोजक विष्णुदास चापके ने कहा कि पिछले आयोजनों में थलसेना, नौसेना, वायुसेना, टेरीटोरियल आर्मी, सीमा सुरक्षा बल, इंडो-तिब्बतन बॉर्डर पुलिस और दिल्ली पुलिस की टीमें भाग ले चुकी हैं। इस बार आयोजकों की योजना है कि विधायक, विधान परिषद सदस्य और जयपुर नगर निगम के पार्षदों को प्रतीकात्मक छोटी राइड में शामिल किया जाए।

## फाइनल के लिए दावा पेश करने उतरेगी श्रीलंका-पाकिस्तान

अबू धाबी 22 सितंबर। एशिया कप 2025 में सुपर-4 चरण में मंगलवार को पाकिस्तान और श्रीलंका जीत हासिल कर टूर्नामेंट में वापसी करने और फाइनल के लिए अपना दावा भी पेश करने के लिए मैदान में उतरेंगी।

पाकिस्तान, जो इस मैदान पर पिछले छह मैच जीतकर, जिनमें श्रीलंका के खिलाफ तीन मैच भी शामिल हैं, लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है, के लिए चुनौती अपनी लय को जारी रखने की है। वहीं श्रीलंका के लिए यह केवल विरोधी टीम के खिलाफ ही नहीं, बल्कि अबू धाबी में पिछले पांच मैच हार चुकी निराशाजनक यादों के सिलसिले के खिलाफ भी एक जंग है। श्रीलंका को बंगलादेश के हाथों हार नसीब हुई जबकि पाकिस्तान को टूर्नामेंट में दूसरी बार भारत से हार का सामना करना पड़ा। श्रीलंका सुपर-4 चरण में जीत की हैट्रिक लगाकर पहुंची थी, ऐसे में बंगलादेश के खिलाफ मिली हार से सबक लेकर श्रीलंका की टीम वापस जीत की पटरी पर लौटना चाहेगी।

श्रीलंका की टीम मजबूत नजर आ रही है। इस समय पाकिस्तान के बल्लेबाज और गेंदबाज अपनी सर्वश्रेष्ठ लय में नहीं हैं। प्रमख तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी का गेंद के साथ प्रदर्शन पाकिस्तान के लिए चिंता का विषय बना हुआ है।

पथुम निसंका ने इस टूर्नामेंट में अब तक श्रीलंका के लिए सर्वाधिक 136 रन बनाए हैं जिसमें दो अर्धशतक भी शामिल हैं। इस टूर्नामेंट में कम से कम 100 रन बनाने वाले बल्लेबाजो में सिर्फ अभिषेक शर्मा और मोहम्मद नबी का स्ट्राइक रेट ही निसंका से अधिक है। अभिषेक ने जहां 208.43 के स्ट्राइक रेट से 173 रन बनाए हैं, वहीं नबी ने 171.42 के स्ट्राइक रेट से 108 रन बनाए हैं। वहीं निसंका के बल्ले से 136 रन 148.97 के स्ट्राइक रेट से निकले हैं।

शेख जायद क्रिकेट स्टेडियम की पिच पर लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों को अक्सर सफलता मिली है पिछले 20 मैचों में से 13 में जीत हासिल की है। हालांकि मुकाबला कांटे का होने की उम्मीद है, लेकिन पलड़ा पाकिस्तान के पक्ष में थोड़ा झुका हुआ है। हालांकि श्रीलंका एक ऐसे मुकाबले में इतिहास पलटने की कोशिश करेगा।

अगले मुकाबले के लिए पाकिस्तान की संभावित एकादशः सलमान आगा (कप्तान), सैम अयूब, साहिबजादा फरहान, फखर जमान, हुसैन तलत, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), मोहम्मद नवाज, फहीम अशरफ, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ और अबरार अहमद।

श्रीलंका की संभावित एकादशः चरिथ असलांका (कप्तान), पथुम निसांका, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), कामिल मिशारा, कुसल परेरा, दासुन शनाका, कामिंडु मेंडिस, वानिंदु हसरंगा, डुनिथ वेललेज, दुष्मंथा चमीरा और नुवान तुषारा

## बेशर्मी की हद... पहले आतंकी इशारे किए फिर कहा मुझे फर्क नहीं पड़ता : फरहान

नई दिल्ली, 22 सितंबर। बार-बार भारत के हाथों हार मिलने के बाद भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आते पाकिस्तान खिलाड़ी। एशिया कप 2025 में लगातार दूसरी बार हार झेलने के बाद भी बेशर्मी दिखा



रहे पाकिस्तानी खिलाड़ी। पाकिस्तान को भारत की धमाकेदार जीत का जश्न दुनियाभर में मौजूद हिन्दुस्तानी फैंस मना रहे हैं। भारतीयों के भीतर पाकिस्तान को हराने का जितनी खुशी है उतना ही गुस्सा भी है। पाकिस्तानी बैटर साहिबजादा फरहान के गन स्टाइल सेलिब्रेशन पर विवाद अब बढ़ता जा रहा है।भारतीय फैंस का कहना है कि इस गन सेलिब्रेशन से साहिबजादा फरहान पहलगाम आतंकी हमले के जख्मों को कुरेदना चाहते थे। मैच के दौरान ये घटिया हरकत करने वाले साहिबजादा फरहान अब घिनौना बयान देकर सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रहे हैं।

वहीं प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान साहिबजादा फरहान ने कहा कि, मुझे लगता है कि अगर आप छक्कों की बात करें तो आप भविष्य में ऐसा देखेंगे। और वह (जश्न) उस समय बस एक पल था। मैं 50 रन बनाने के बाद ज्यादा जश्न नहीं मनाता। लेकिन अचानक मेरे दिमाग में आयो कि चलो आज जश्न मनाते हैं। मैंने वैसे ही किया। मुझे नहीं पता कि लोग इसे कैसे लेंगे। मुझे इसकी परवाह भी नहीं है और बाकी आप जानते हैं। आपको जहां भी खेलना है आक्रामक क्रिकेट खेलना चाहिए। जरूरी नहीं कि वह भारत ही हो। आपको हर टीम के खिलाफ आक्राम क्रिकेट खेलना चाहिए जैसा हमने आज खेला। वहीं श्रीलंका के खिलाफ पाकिस्तान की आगे की क्या रणनीति होगी इस पर उन्होंने कहा कि टीम ने पहले पावरप्ले में काफी विकेट गंवाए थे। इसमें सुधार करना जरूरी है। साथ ही ये भी सुनिश्चित करना होगा कि पहले 6 ओवर्स में रन बनाए जाएं।

### अंडर-19 चैलेंजर ट्रॉफी

## नावेद ने 7 छक्के ओर 4 चौके की मदद से शतक लगाया

जयपुर, 22 सितंबर। टीम बी - टीम एच (टीम एच 8 विकेट से जीती), टीम बी पारी 179/9, टीम के लिए रजत 80 रन। टीम एच के गेंदबाज पर्व, आशीष, अमन 2 -2 विकेट। टीम एच पारी 180/2, टीम के लिए अमित भारद्वाज 81, समीर गंगवाल 8 रन। टीम बी के गेंदबाज अभिषेक मूंड 38 /2 विकेट। टीम एफ - टीम डी (टीम एफ 106 रन से जीती), टीम एफ पारी रक्षित लुनावत 70, भव्य राज 36, आदित्य 33 रन, टीम डी के गेंदबाज रोहित सिगर व उदय सिंह 2 -2 विकेट।

टीम डी पारी 118 आल आउट, टीम के लिए आदित्य 32 व ओसनिक 30 रन। टीम एफ के गेंदबाज भव्य राज 11/3 व जगदीश 11/2 विकेट। टीम सी - टीम ई (टीम ई 3 विकेट से जीती), टीम सी पारी 223 आल आउट। टीम के लिए देवांश जसवाल 80, सचिन सेन नाबाद 42 रन। टीम ई के गेंदबाज केतन 42/3, दिव्यांश,जयवर्धन 2 -2 विकेट।

टीम ई पारी 227/7, टीम के लिए दीपेश नाबाद 112 व कुश 59 रन, टीम सी के गेंदबाज दिव्यांश 47 /2 विकेट। टीम जी - टीम ऐ (टीम जी 14 रन से जीती), टीम जी पारी नावेद खान 100, सुनील दुलार 97 रन



टीम ऐ के गेंदबाज प्रखर शर्मा 32 /3 विकेट। टीम ऐ पारी 238/8, टीम के लिए कविश घोणावत 108, अनितराज 44 रन, टीम जी के गेंदबाज शुभांकर त्यागी 40/3,धीरज, नावेद 2 -2 विकेट लिए।

### राज्य स्तरीय अंडर-23 (प्री-क्वार्टर फाइनल मैच)

## जयपुर 6 विकेट से जीती, ताम्बी का अर्द्धशतक

जयपुर, 22 सितंबर। अजमेर पारी 212/9, टीम के लिए राजुल गैंगवार 68 रन। जयपुर के गेंदबाज शुभम खंडेलवाल 19/3, मेहुल पारीक व आयुष अमेरिया 2-2 विकेट। जयपुर पारी 214/4, टीम के लिए जयंत ताम्बी 86, राज शर्मा नाबाद 39, भावित कुमावत नाबाद 31 रन। अजमेर के गेंदबाज प्रतिर विरंजनी 26/3 विकेट।

**नागौर - जैसलमेर** ( नागौर 134 रन से जीती), नागौर पारी 298/9, टीम के लिए ललित शेरावत 108, पुखराज कुमार 51 रन। जैसलमेर के गेंदबाज गुलाब 52/3, संजय, गणेश 2 -2 विकेट। जैसलमेर पारी 164 आल आउट, टीम के लिए आदित्य लूना 58 रन। नागौर के गेंदबाज रौनक गौड़ 44/4, दिव्य प्रताप,राहुल 2 -2 विकेट।

**जोधपुर - हनुमानगढ़** (जोधपुर 203 रन से जीती) जोधपुर पारी 289/5, टीम के लिए भवानी सुथार 135, युवराज 72 रन। हनुमानगढ़ के गेंदबाज उत्कृष्ट 50/2 विकेट। हनुमानगढ़ पारी 86 आल आउट। जोधपुर के गेंदबाज सोयब 21/5,भौमिक 13/4 विकेट।

**उदयपुर - टोंक** (उदयपुर 74 रन से जीती), उदयपुर पारी 163 आल आउट। टीम



के लिए विश्वजीत 44, पुष्पेंद्र 32 रन। टोंक के गेंदबाज मो साद 22/3 ,गणेश सुथार 36/3 विकेट। टोंक पारी 89 आल आउट। उदयपुर के गेंदबाज पुष्पेंद्र 17/3, केतन शर्मा, विश्वजीत व ऋतिक 2 -2 विकेट।

**झुंझनू -सीकर** (झुंझनू 19 रन से जीती) झुंझनू पारी 274/7, टीम के लिए शुभम सिंह 114 रन। सीकर के गेंदबाज हिमांशु जांगिड़ 58/4, अंकित कुमार 58 /2 विकेट।सीकर पारी 255 आल आउट। टीम के लिए धर्मवीर सैनी 116, अंकित कुमार 46 रन झुंझनू के गेंदबाज अंकुश कुमार 37/5 विकेट।

भीलवाड़ा - बीकानेर (भीलवाड़ा 37 रन से जीती) भीलवाड़ा पारी 255 आल आउट। टीम के लिए सर्वज्ञ पानेरी 87, कृष्णा 67 रन बीकानेर के गेंदबाज विशाल 38/3 व अपूर्व शर्मा 47 /3 विकेट। बीकानेर पारी 218 आल आउट। टीम के लिए जयंत गथर 72 व सचिन लखेसर 51 रन भीलवाड़ा के गेंदबाज अनिल दारा 43/4, अपूर्व शर्मा 47 /3 विकेट।

**बाड़मेर - अलवर** (बाड़मेर 130 रन से जीती), बाड़मेर पारी 254/9, टीम के लिए दरबार 94,सौरभ 59 रन। अलवर के गेंदबाज सचिन यादव 54/3,तशरीफ़ 51 /2 विकेट। अलवर पारी 124 आल आउट। टीम के लिए नितिन 36 व सौरभ 33 रन, बाड़मेर के गेंदबाज राहुल चौधरी 12/3, श्रवण, प्रवीण, दीपेंद्र 2-2 विकेट।

**करौली - श्रीगंगानगर** (श्रीगंगानगर 7 विकेट से जीती) करौली पारी 172 आल आउट। टीम के लिए गाज़ी खान 38, श्रीगंगानगर के गेंदबाज दिग्विजय सहारण 25/4 व हिमांशु शर्मा 48 /2 विकेट। श्रीगंगानगर पारी 176/3, टीम के लिए शोभित मिश्रा 82 व राहुल गर्ग 60 रन।

## टीम को पिछली हारों पर ध्यान नहीं देकर, आगे बढ़ना होगा : उपेन्द्र मलिक

जयपुर, 22 सितंबर। यूपी योद्धा के सहायक कोच उपेंद्र मलिक ने कहा है कि टीम को पिछली हार पर ध्यान न देते हुए आगे बढ़ने की जरूरत हैं। यूपी योद्धा सोमवार को जयपुर के एसएमएस इंडोर स्टेडियम में तमिल थलाइवाज से मुकाबला करेंगे। यूपी योद्धा का अब तक का अभियान मुश्किल रहा है, उन्होंने अपने छह मैचों में केवल चार अंक ही जुटाए हैं। वे लगातार चार मैच हारे हैं और अगर उन्हें अपना सीजन जारी रखना है तो उन पर जल्द से जल्द स्थिति बदलने का दबाव है।

सहायक कोच उपेंद्र मलिक ने स्वीकार किया कि हालिया नतीजे टीम के लिए कठिन रहे हैं, लेकिन उन्होंने शिविर के भीतर सकारात्मक माहौल बनाए रखने के महत्व पर बल दिया। बंगाल वॉरियर्स से हार के बाद मलिक ने कहा, ''एक कोच के तौर पर, यह सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है कि टीम सकारात्मक सोच में रहे, खासकर मुश्किल दौर में। खिलाड़ियों को यह विश्वास होना चाहिए कि हर नया मैच एक नया अवसर है। पिछली हारों पर ध्यान देने से कोई फायदा नहीं होगा, इसलिए हमारा ध्यान हमेशा आगे बढ़ने पर है।''

वॉरियर्स के खिलाफ मैच को याद करते हुए, मलिक ने बताया, ''हमारी शुरुआत अच्छी रही और शुरुआती दौर में हमारे डिफेंस ने जिस तरह से काम किया, उससे मैं खुश हूँ। लेकिन जब मैच नज़दीकी दौर में होता है, तो धैर्य ही सबसे ज़रूरी होता है। कुछ मौकों पर हम थोड़ा संयम खो बैठे और उन गलतियों की वजह से हमें अंक गँवाने पड़े। अगर हमने थोड़ा और अनुशासन और संयम दिखाया होता, तो मैच हमारे पक्ष में जा सकता था।'' मलिक ने कहा कि पीकेएल जैसी प्रतिस्पर्धी लीग में निरंतरता और एकाग्रता बेहद जरूरी है।

उन्होंने कहा, ''आप केवल कुछ हिस्सों में अच्छा खेलकर जीत की उम्मीद नहीं कर सकते, चाहे वह पांच, 10 या 20 मिनट ही क्यों न हों। कबड्डी में पूरे 40 मिनट तक खेल पर ध्यान केंद्रित रखना ज़रूरी है। डिफेंस और ऑफेंस, दोनों को पूरे समय एक साथ काम करना होगा। एक भी चूक मैच का रुख बदल सकती है। इसलिए मैं खिलाड़ियों से कहता रहता हूं कि भले ही हमने कुछ हिस्सों में अच्छा खेला हो, लेकिन अगर हम हार गए तो यह मायने नहीं रखता। हार तो हार है, और हमें इसे स्वीकार करना होगा। अहम मौकों पर धैर्य की कमी ही उस मैच का अंतर थी।''

